दिल्ली पब्लिक स्कूल , श्रीनगर

कक्षा :- नवीं

अभ्यास पत्र

<u>गिल्लू - पाठ पर आधारित पुनरावृत्ति कार्य :-</u>

१. गिल्लू के शारीरिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

२. अपने पालतू पशु के दैनिक जीवन के बारे में लिखिए और एक परियोजना तैयार कीजि ।

३. इस पाठ को पढ़कर आपको क्या प्रेरणा मिली (१००) शब्दों में लिखिए ।

४. <u>प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया-</u> इस पंक्ति का आशय सपष्ट कीजिए ।

५. गिल्लू को मुक्त करने के लिए लेखिका ने क्या उपाय किया ।

<u>धूल- पाठ पर आधारित पुनरावृत्ति कार्य :-</u>

१. गोधूलि के विषय में अपने विचार लिखिए ।

२. <u>धूल न होती तो क्या होता</u> पक्ष और विपक्ष में बोलने के लिए अपने विचार लिखिए ।

३. लेखक ने मनुष्य का सबसे बड़ा दुर्भाग्य किसे कहा है और क्यों ?

४. धूल से संबंधित एक कविता लिखिए ।

५. अपने शब्दों में लिखिए कि धूल का सुंदर रूप क्या है ?

<u>पद (रैदास) - कविता पर आधारित पुनरावृत्ति कार्य :-</u>

१. भाव सपष्ट कीजिए

(क) जैसे चितवत चंद चकोरा ।

(ख) तुम चंदन हम पानी ।

(ग) तुम मोती हम धागा ।

२. नामदेव , कबीर , तिलोचन , सधना व सैनु कौन थे ?

३. इस काव्यांश में कवि ने ईश्वर की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

<u>दुख का अधिकार - पाठ पर आधारित पुनरावृत्ति कार्य :-</u>

१. पाठ को आधार बनाकर एक कहानी लिखिए ।

२. साँप अनेक प्रजाति के होते हैं । सभी छात्र एक पत्रिका बनाएँगे जिसमें साँपों की सभी प्रजाति का वर्णन चित्र सहित हो ।

३. बुढ़िया को रोते देखकर लेखक को कैसा लगा । यदि आप लेखक के स्थान पर होते तो क्या करते ?

४. दुखी लोगों के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है । अपने विचार लिखिए ।

५. बाज़ार के दृश्य का वर्णन कीजिए ।

<u>दोहे (रहीम) - कविता पर आधारित पुनरावृत्ति कार्य :-</u>

१. निम्नलिखित दोहे के माध्यम से कवि ने किस बात की ओर संकेत किया है ।

रहिमन धागा प्रेम का , मत तोड़ो चटकाय ।
टूटे से फिर ना मिले , मिले गाँठ परि जाय ॥
रहिमन निज मन की बिथा , मन ही राखो गोय ।

२.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए _

एकै साधे सब सधै , सब साधे सब जाय ।
रहिमन मूलहिं सींचिबो , फूलै फले अघाय ॥
चित्रकूट में रमि रहे , रहिमन अवध नरेस ।
जा पर बिपदा पड़त है , सो आवत यह देस ॥

क.पेड़ किस प्रकार फलता फूलता है ?

ख. सभी कार्य किस प्रकार संपन्न हो जाते हैं ?

घ. चित्रकूट में जाने से क्या होता है ?

३. रहीम के दोहों की क्या विशेषताएँ हैं ?

स्मृति - पाठ पर आधारित पुनरावृत्ति कार्य :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए _

१. भाई साहब ने लेखक को कौन -सा काम करने को कहा ?

२. प्रस्तुत कहानी में आप लेखक के स्थान पर होते तो क्या करते ?

३. बचपन की किसी घटना को आधार बना कर एक कहानी लिखिए

४. इस पाठ को पढ़ने के बाद किन - किन बाल सुलभ शरारतों का पता चलता है ?

५. यह घटना कब की है ? तब कैसा मौसम था ?